वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता
12 मार्च 2021

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा चंदौली में एक दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य मंचन ने सबका मन मोह लिया। इसके अन्तर्गत फैन्सी ड्रेस, झॉकी, लोक गीत, नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिताए हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 श्यामनारायण यादव पूर्व प्राचार्य सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा, चन्दौली ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमे अपने संस्कृति से जुड़े रहने के लिए आवश्यक है इसके द्वारा हम अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकते है और इसके पहुँच नई पीढ़ी तक कर सकते हैं। कालेज के प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सांस्कृति कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में प्रवीणता, कर्तव्य परायणता एवं समाजिक सौहार्द्र सिखाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ0 दयानिधि सिंह यादव ने किया इस मौके पर डॉ0 उदय शंकर झा, डॉ0 इन्द्रदेव सिंह, डॉ0 शमीम राईन, डॉ0 अजय कुमार यादव, डॉ0 इंद्रजीत सिंह, डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव, डॉ0 सीता मिश्रा, डॉ0 मीनू जायसवाल, डॉ0 एम.पी. सिंह, राजेश यादव, डॉ0 उमेश चतुर्वेदी, डॉ0 अभय वर्मा, डॉ0 योगेंद्र तिवारी, सहित अन्य उपस्थित रहे। अंत में श्री यज्ञनाथ पाण्डेय ने सभी उपस्थित गणमान्य लोगो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम अधिकारी

for प्राचार्य

प्राचार्य
...डीहा पी0 जी0 कालेज
...कलडीहा, चन्दौली